माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in   Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 81 / 49/एके0/MSU/2024–25   दिनांक : 18-11-24

सेवा में,

01. प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

02. शैक्षणिक समन्वयक
विश्वविद्यालय परिसर

विषयः भारत सरकार द्वारा विकसित SWAYAM (Study Webs of Active Learning for Young Aspiring Minds) पोर्टल पर उपलब्ध पाठ्यक्रमों को बढ़ावा देने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन के संलग्न पत्र संख्या–2989/सत्तर–3–2024, दिनांक : 16 नवम्बर, 2024 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा अवगत कराया गया है कि देश के सभी विद्यार्थियों को निःशुल्क ऑनलाइन शिक्षा प्रदान करना है, को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू0जी0सी0) द्वारा यू0जी0सी0 (क्रेडिट फ्रेमवर्क फॉर ऑनलाइन लर्निंग कोर्सेज थ्रू SWAYAM) विनियम–2021 अधिसूचित किया गया है। उक्त पत्र में बिन्दु 03 के अनुसार महाविद्यालय में SWAYAM पोर्टल के क्रियान्वयन हेतु एक नोडल अधिकारी नामित किये जाने एवं बिन्दु 02 में महाविद्यालय के विद्यार्थियों तथा शिक्षकों के मध्य SWAYAM प्लेटफार्म को अपनाने व इसके प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए महाविद्यालय में कार्यशालों का आयोजन कराये जाने की अपेक्षा की गई है।

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि संलग्न पत्र में उल्लिखित भारत सरकार द्वारा विकसित SWAYAM (Study Webs of Active Learning for Young Aspiring Minds) के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

संलग्नक – यथोपरि।

भवदीय

(वीरेन्द्र कुमार मौर्य)
कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन।
02. परीक्षा नियंत्रक।
03. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के सूचनार्थ।

उपकुलसचिव

महत्वपूर्ण

संख्या– 2787 /सत्तर–3–2024

प्रेषक,

शिपू गिरि,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. कुलसचिव, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उ0प्र0।
3. अपर सचिव, उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद्, लखनऊ ।

उच्च शिक्षा अनुभाग–3 लखनऊ : दिनांक 16 नवम्बर, 2024

विषय : भारत सरकार द्वारा विकसित SWAYAM (Study Webs of Active Learning for Young Aspiring Minds) पोर्टल पर उपलब्ध पाठ्यक्रमों को बढ़ावा देने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि भारत सरकार द्वारा विकसित SWAYAM (Study Webs of Active Learning for Young Aspiring Minds) पोर्टल, जिसका उद्देश्य देश के सभी विद्यार्थियों को निःशुल्क ऑनलाइन शिक्षा प्रदान करना है, को बढ़ावा देने के लिये विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू0जी0सी0) द्वारा यू0जी0सी0 (क्रेडिट फ्रेमवर्क फॉर ऑनलाइन लर्निंग कोर्सेज थ्रू SWAYAM) विनियम–2021 अधिसूचित किया गया है। स्वयं प्लेटफार्म को अपनाने, इसके प्रति जागरूकता व सहयोग को बढ़ावा देने के लिये प्रदेश में आई0आई0टी0, कानपुर को नोडल संस्थान के रूप में नियुक्त किया गया है।

2– इस सम्बन्ध में सचिव, उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की अध्यक्षता में दिनांक 14.11.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे सम्पन्न वर्चुअल बैठक के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया प्रश्नगत प्रकरण में निम्नवत् कार्यवाही कराते हुए कृत कार्यवाही की आख्या/अपेक्षित सूचना शासन को प्रत्येक दशा में **02 दिन के भीतर** उपलब्ध कराने का कष्ट करें :–

(1) विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में पंजीकृत कुल विद्यार्थियों के सापेक्ष अद्यतन कितने विद्यार्थियों द्वारा भारत सरकार के SWAYAM (Study Webs of Active Learning for Young Aspiring Minds) पोर्टल पर उपलब्ध विभिन्न पाठ्यक्रमों का अध्ययन किया गया है अथवा किया जा रहा है ?

(2) विद्यार्थियों तथा शिक्षकों के मध्य SWAYAM प्लेटफार्म को अपनाने व इसके प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के लिये सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में कार्यशालाओं का आयोजन कराया जाय।

(3) उच्च शिक्षा निदेशालय, उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ, समस्त विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में SWAYAM पोर्टल के क्रियान्वयन हेतु एक नोडल अधिकारी नामित करते हुये नामित नोडल अधिकारी का नाम, पदनाम, मोबाइल नंबर एवं ई–मेल का विवरण शासन को 02 दिन के भीतर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(शिप्रा गिरि)
विशेष सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– कुलपति, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।
2– निजी सचिव, प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
3– निजी सचिव, समस्त विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
4– समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
5– प्रो0 दिनेश चन्द्र शर्मा, कु0 मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्धनगर।

आज्ञा से,

(एस0पी0 मिश्र)
उप सचिव।